पत्रांक 739 दि० 02/03/2026

**प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना एवं निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना, की उपस्थिति में दिनांक 27.02.2026 को विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम संचालित 23 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों (स्वतंत्र एवं अधिसूचित) के साथ की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

समीक्षात्मक बैठक में संबंधित जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की पिछले बैठक में दिये गये कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं सभी जिलों द्वारा एक अंचल को 31.12.2026 तक पूर्ण करने की योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कार्य योजना में दिये गये लक्ष्य के अनुसार किसी भी जिले की प्रगति नहीं हुई है।

उक्त के संबंध में उपस्थित सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि अधिकांश विशेष सर्वेक्षण कर्मी के राजस्व महाअभियान, एग्री–स्टैक एवं मापी कार्य में प्रतिनियुक्त होने के कारण विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रभावित हुआ है, जिस पर प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेशित किया गया कि माह मार्च में होली पर्व के पश्चात् प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की संख्या के 50% बन्दोबस्त कार्यालय में वापस कर दिया जायेगा और शेष दिनांक 31.03.2026 तक एग्री–स्टैक एवं मापी कार्य के समाप्त होते ही बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने–अपने जिले में कार्य योजना के अनुरूप दृढ़ता से कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

**समीक्षा के क्रम में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निम्नांकित निदेश दिये गये :–**

1. विशेष सर्वेक्षण का कार्य जनता में बीच में रहकर किये जाने वाले का कार्य है, इसे जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य के साथ निर्धारित समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।
2. किसी विशेष परिस्थिति को छोड़कर कोई भी बन्दोबस्त पदाधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़गे तथा छुट्टी की सूचना निदेशालय के साथ–साथ संबंधित जिला के समाहर्त्ता को भी देना सुनिश्चित करेंगे।
3. वैसे शिविर का चुनाव किया जाए जहाँ कम खेसरों वाले राजस्व ग्राम हो, उन शिविरों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर संपन्न कराया जाय।
4. समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सुनवाई के क्रम में अत्याधिक समय लग रहा है अतएव् प्रपत्र–20 प्रकाशित 1736 राजस्व ग्रामों के प्रपत्र–21 में प्राप्त दावा/आपत्तियों का निष्पादन कैम्प मोड में करके अधिकार अभिलेख (खतियान) एवं मानचित्र तैयार कराया जाय। सुनवाई के आदेश को बन्दोबस्त पदाधिकारी गुणवत्ता की जाँच करके यथाशीघ्र अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।
5. विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा शिविर में तटस्थ रहकर कार्य करने तथा बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा स्वंय शिविरों का पर्यवेक्षण/निरीक्षण करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण प्रतिवेदन Survey MIS के CVMS के माध्यम से देना सुनिश्चित करेंगे।
6. बन्दोबस्त पदाधिकारी वैसे शिविरों को चिन्हित करेंगे जहाँ की प्रगति अपेक्षाकृत कम है तथा निदेशालय पत्रांक 5966 दिनांक 25.07.2023 के आलोक में कार्यो की समीक्षा कर अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए लक्ष्य के आलोक में प्रगति सुनिश्चित करेंगे।
7. बन्दोबस्त पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं शुक्रवार को ऑनलाइन अपने अधीनस्थ शिविरों की प्रगति की समीक्षा कर्मीवार एवं ग्रामवार माइक्रो लेवल प्लान

बनाकर करेंगे जिसकी एक प्रति उनके टेबल पर उपलब्ध होनी चाहिए तथा किये गये समीक्षा का तथ्यात्मक प्रतिवेदन से निदेशालय को भी अवगत करायेंगे।

8. बन्दोबस्त पदाधिकारी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की डायरी एवं उपस्थिति नियमित रूप से जाँच करना सुनिश्चित करेंगे तथा संबंधित पदाधिकारियों/विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा साप्ताहिक MIS प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे, इस कार्य को निदेशालय स्तर पर भी करने हेतु निदेशित किया गया।

9. बन्दोबस्त पदाधिकारी अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मियों विशेषकर महिला कर्मियों के वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देकर समझेंगे एवं उनका उचित निवारण करना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न जिलों के महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों से प्राप्त शिकायत के आलोक में यह ज्ञात हुआ कि कुछ पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों को तंग किया जा रहा है। इस संदर्भ में सभी संबंधित पदाधिकारी को महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया।

दिनांक 24.02.2026 को सुपौल जिला में विशेष सर्वेक्षण कर्मी द्वारा रिश्वत् लिये जाने एवं धावा दल द्वारा गिरफ्तारी की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए निदेशित किया गया कि सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी विशेष सर्वेक्षण कार्यो को भ्रष्टाचार मुक्त स्वच्छ वातावरण में कराना सुनिश्चित करेंगे।

कतिपय जिलों के नवपदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारी से उनके जिले से संबंधित प्रगति की पृच्छा पर असंतोषजनक उत्तर दिया गया जिसपर प्रधान सचिव द्वारा खेद व्यक्त करते हुए सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को विशेष सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा हेतु किये जाने वाले कार्यो को प्रक्रमवार भौतिक एवं डिजिटल रूप से अच्छी तरह समझने का निदेश दिया गया।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

Sd/- 02/03/26
**(सुहर्ष भगत)**
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022** ....739........**पटना, दिनांक:**02/03/2026

**प्रतिलिपि** : सभी प्रमंडलीय आयुक्त/समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Sd/- 02/03/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक :03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022** ....739........**पटना, दिनांक:**02/03/2026

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Sd/- 02/03/26
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 ...739.......पटना, दिनांक:02/03/2026

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/उप सचिव/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित सभी जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल,/ प्रिंस कुमार/कुणाल किशोर, प्रोग्रामर भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Subhash 02/03/26

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 ...739.......पटना, दिनांक:02/03/2026

**प्रतिलिपि** :प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Subhash 02/03/26

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 ...739.......पटना, दिनांक:02/03/2026

**प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

Subhash 02/03/26.

**निदेशक**

भू–अभिलेख एवं परिमाप